## 23 अगस्त को होने वाले माइनिंग कान्क्लेव के प्रति देशभर के बड़े औद्योगिक घरानों ने दिखाई दिलचस्पी

# 1500 से अधिक नामी उद्योगपतियों व निवेशकों ने किया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में 23 अगस्त को होने वाले माइनिंग कॉन्क्लेव में खनिज एवं खनन क्षेत्र में काम करने वाली देशभर की नामी-गिरामी कंपनियां, उद्योगपति, निवेशक, औद्योगिक संस्थान और हितधारक व खनन क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे। कान्क्लेव में शामिल होने के लिए अब तक डेढ़ हजार से अधिक देश के बड़े औद्योगिक घरानों,उद्योगपतियों और निवेशकों ने पंजीयन कर दिलचस्पी दिखाई है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव कहते हैं कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर कटनी में होने जा रही माइनिंग कान्क्लेव यहां निवेश प्रोत्साहन के नजरिए से एक बड़ी उपलब्धि है। इससे न केवल कटनी और आस-पास के जिलों,बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में आर्थिक समृद्धि और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी होगी। राज्य को खनन और खनिज-आधारित उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में माइनिंग कान्क्लेव मील का पत्थर साबित होगी।

माइनिंग कान्क्लेव का यह महत्वपूर्ण आयोजन राज्य में खनन, तेल, गैस और खनिज आधारित उद्योगों की व्यापक संभावनाओं को प्रदर्शित करेगा,जो विकास की रीढ़ के रूप में कार्य करते हैं। कान्क्लेव में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री सहित राज्य के मंत्री, कटनी जिले के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे।

मप्र खनिज संसाधनों से समृद्ध राज्य है और देश के खनन क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह देश का एकमात्र राज्य है जो हीरे का उत्पादन करता है। साथ ही मैंगनीज और तांबा अयस्क के उत्पादन में भी अग्रणी है, जो विभिन्न औद्योगिक उपयोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा राज्य रॉक-फॉस्फेट उत्पादन में दूसरे, सीमेंट उद्योग के लिए आवश्यक चूना पत्थर उत्पादन में तीसरे और कोयला उत्पादन में चौथे स्थान पर है। कोल-गैस के उत्पादन में भी राज्य दूसरे स्थान पर है, जो वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों और स्थिरता की दिशा में उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कटनी का माइनिंग कॉन्क्लेव खनिज कंपनियों, उद्योग प्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाएगा, जिससे सहयोग और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। इस आयोजन का उद्देश्य मध्यप्रदेश के समृद्ध खनिज संसाधनों को प्रदर्शित करना है, जिससे राज्य में निवेश को आकर्षित किया जा सके। इसमें कोयला, चूना पत्थर, तेल और गैस, सहित अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की संभावनाओं पर चर्चा होगी। साथ ही खनन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)और मशीन लर्निंग की भूमिका पर भी जोर दिया जाएगा।

इस आयोजन में डिजिटल परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा, और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें खनन कार्यों में ऑटोमेशन के साथ एआई और मशीन लर्निंग के उपयोग पर चर्चा होगी। कोल गैस (सीबीएम) जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों की संभावनाओं का भी अन्वेषण किया जाएगा। सीमेंट, ऊर्जा, और खनिज-आधारित उद्योगों से संबंधित मुद्दों पर गहन चर्चा होंगी। कॉन्क्लेव में कई संस्थानों के साथ एमओयू भी होंगे, जिससे राज्य के खनन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से किए गए सभी निवेश प्रस्ताव फलीभूत होंगे।

कटनी जिला मध्यप्रदेश का एक प्रमुख खनिज क्षेत्र है, जो अपनी भौगोलिक संरचना और खनिज संपदा के लिए प्रसिद्ध है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव कहते हैं कि यहाँ प्रमुख रूप से लाइमस्टोन, डोलोमाइट, मार्बल, बॉक्साइट, लेटराइट और फायरक्ले जैसे खनिज प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इन खनिजों के कारण जिले में औद्योगिक गतिविधियाँ तेज़ी से विकसित हो रही हैं। कान्क्लेव में पहुंचने वाले उद्योगपतियों और औद्योगिक घरानों को कटनी में उपलब्ध खनिजों की बहुतायतता की खूबियों और मध्य प्रदेश की इंडस्ट्री फ्रेंडली निवेश संवर्धन नीतियों की खासियतों की भी जानकारी दी जाएगी।

### यहां हैं खनिज संपदा

लाइमस्टोन कटनी जिले के बड़वारा, और विजयराघवगढ़ में मिलता है, जिसका उपयोग सीमेंट, चूना, स्टील और कागज उद्योग में होता है। डोलोमाइट स्लीमनाबाद और बड़वारा क्षेत्र में उपलब्ध है, जो स्टील और पुट्टी प्लाण्ट के लिए उपयोगी है। मार्बल, खासकर बहोरीबंद और स्लीमनाबाद क्षेत्र में उपलब्ध है, जो भवन निर्माण और सजावटी वस्तुओं, मूर्तियां आदि बनाने के लिए प्रसिद्ध है। बॉक्साइट तहसील कटनी एवं स्लीमनाबाद क्षेत्र में पाया जाता है, जो एल्युमिनियम का मुख्य स्त्रोत है। फायरक्ले एक उच्च ताप सहनशील मिट्टी, ईंट और टाइल निर्माण में प्रयोग होती है। वही लेटराइट भूमि सुधार और जल संरक्षण के लिए उपयोगी है।

### कान्क्लेव के प्रति दिलचस्पी

दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात,बेस्ड नामचीन खनन कंपनियों और उनके प्रतिनिधियों सहित करीब 1500 उद्योगपतियों व औद्योगिक घरानों ने माइनिंग कान्क्लेव में शिरकत करने अब तक पंजीयन कराया है और कान्क्लेव के प्रति दिलचस्पी दिखाई है। इसमें भागीदारी के इच्छुक निवेशकों व प्रतिभागियों की संख्या दिन-व-दिन बढ़ती जा रही है।

### मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब

कटनी जिले के रीठी तहसील के ग्राम सिमरा में लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना हेतु नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड के स्तर पर फीजिबिलिटी सर्वे रिपोर्ट की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना से कटनी जिले में लॉजिस्टिक का इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित होगा, जिससे औद्योगिक विकास एवं निवेश की संभावनाएं प्रबल होंगी । लॉजिस्टिक पार्क हेतु प्रस्तावित 35 हेक्टेयर भूमि खाद्य प्रसंस्करण विभाग को आवंटित है । कटनी में मल्टी लॉजिस्टिक हब की स्थापना की बहुत अच्छी संभावनाएँ है। चीन से आयात किये जाने वाले उपभोक्ता एवं इलेक्ट्रानिक्स वस्तुएँ तथा मशीनरी आयटम सभी कोलकता, मुम्बई एवं गुजरात के बंदरगाहों पर आयात कर वहीं लॉजिस्टिक हब में डम्प की जाती है। तत्पश्चात उसे ट्रक से देश के अन्य भागों में भेजा जाता है। यही कटनी में आई.सी.डी. एवं लॉजिस्टिक हब बनने से विदेशों विशेषकर चीन से आयातित माल को यहाँ डम्प किया जा सकता है। अपनी केन्द्रीय स्थिति के कारण कटनी से देश के चारों दिशाओं में उन वस्तुओं को कम परिवहन लागत में भेजा जा सकेगा ।

कटनी में रेलवे नेटवर्क देश की चारों दिशाओं को जोड़ता है। यहां राष्ट्रीय राजमार्ग और जबलपुर का नजदीकी हवाई अड्डा महज 100 किलोमीटर दूर है।

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार बदमाशों ने महिला का छीना मंगलसूत्र

**कटनी।** माधव नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड में स्कूटी सवार दो बदमाशों ने एक महिला के गले से मंगलसूत्र खींचकर रफूचक्कर हो गए। इस मामले में माधवनगर पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए स्नेचरों की तलाश शुरू कर दी है। रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के भट्टा मोहल्ला निवासी 40 वर्षीय रेखा तिवारी घरों में कामकाज करके अपने परिवार का भरण पोषण करती है। 16 अगस्त की शाम लगभग 4:45 पर जब वह कामकाज खत्म करके घर वापस जा रही थी इसी दौरान हाउसिंग बोर्ड स्थित मित्तल ऑफिस के सामने स्कूटी सवार दो अज्ञात युवक उसके गले से सोने का मंगलसूत्र खींचकर रफू चक्कर हो गए। जो मंगलसूत्र स्नैचर खींच कर ले गए, वह रेखा को उसके विवाह में उसकी सास ने दिया था। रेखा ने घटना की शिकायत माधवनगर थाने में दर्ज कराई है। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को भी गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### शराब दुकान में चोरी, पुलिस ने एक को पकड़ा

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में शराब दुकान में घुसे चोरो ने बड़ी मात्रा में शराब की बोतलों पार कर दी। पुलिस ने इस मामले में एक बदमाश को पकड़ लिया है उससे पास से शराब भी जप्त की है, दूसरे की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गड्डा टोला स्थित कंपोजिट शराब दुकान का ताला 14 अगस्त की रात 11:30 बजे से 16 अगस्त की रात 8:30 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने तोड़कर वहां से 31 बोतल अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब, 36 पाव एवं 6 बच्चा शीशियो के साथ 18 बियर की कैन कुल मिलाकर 33140 रुपए कीमत की शराब चोरी कर ली। दुकान दार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक चोर को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से काफी मात्रा में शराब की बोतले बरामद की गई हैं। दूसरे को पकड़ने प्रयास किए जा रहे हैं।

## फंदे में लटका मिला प्रौढ़ का शव, चोट होने की वजह से हत्या का जताया संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एक व्यक्ति का शव उसके घर में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। घटना कुठला थाना क्षेत्र के लमतरा गांव की है। मृतक के सिर पर चोट के निशान होने से परिजनों ने इसे आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या का मामला बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। मृतक की पहचान किशोरी लाल चौधरी के रूप में हुई है, जो पेशे से मकान निर्माण का काम करते थे और लंबे समय से लमतरा गांव के पावर हाउस के पास रह र थे। शनिवार शाम जब किशोरी लाल का शव फांसी से लटका मिला तो परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

### पीएम रिपोर्ट का इंतजार

सूचना मिलने पर कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक के बड़े भाई कुंजीलाल चौधरी ने बताया कि उनके भाई किशोरी लाल के सिर पर चोट के निशान हैं, जो यह दर्शाते हैं कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या है। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### झाड़ फूंक के चक्कर में मौत

रीठी थाना अंतर्गत बूढ़ा देवगांव निवासी मख्तर पिता बंगला पारधी 25 वर्ष को शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात जहरीले कीड़े ने काट लिया था। युवक द्वारा इस बात की जानकारी परिजनों को रात में दी गई लेकिन परिजन उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र इलाज कराने ले जाने के वजाए बरही के पिपरिया गाँव झाड़फूंक कराने ले गए जहां घंटो झाड़फूंक चली लेकिन इसके बाद भी युवक को कोई आराम नहीं मिला अंत मे जब वे कटनी शहर पहुँचे और यहां अलग-अलग निजी अस्पतालों में युवक को ले कर गए तो सभी ने हाथ खड़े कर दिए। अंत में तक हार कर परिजन युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहाँ इलाज दौरान उसकी मौत हो गई।

जिले में जहरीले सर्प या कीड़े के काटने का यह पहला मामला नही, इससे पूर्व 7 अगस्त को जहरीले सर्प के काटने से सगे भाई बहनों की जान चली गई थी। जागरूकता की कमी से इस तरह के मामले लगातार प्रकाश में आ रहें है।

सात दिवसीय आयोजन में उत्पादों की बिक्री एवं प्रदर्शन के लिए लगाए जाएंगे स्टॉल

## 'आकांक्षा हाट' का आयोजन आज से, स्थानीय उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के आकांक्षी विकासखंड रीठी में गत वर्ष हुये 'सम्पूर्णता अभियान' के उत्कृष्ट प्रयासों को सम्मानित करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल के तहत, 18 से 24 अगस्त तक स्वामी विवेकानंद सभागार (ऑडिटोरियम) में 'आकांक्षा हाट' का आयोजन किया जाएगा। इस सात दिवसीय हाट में, वोकल फॉर लोकल की अवधारणा को बढ़ावा देते हुए स्थानीय उत्पादों को बिक्री और प्रदर्शन के लिए स्टाल लगाए जाएंगे। यह आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं और उनके उत्पादों को एक मंच प्रदान करेगा।

कार्यक्रम संचालन के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश परएक जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया है। टीम में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं, जिन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

जारी आदेश के अनुसार जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी को सम्पूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है।जबकि नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, जल और विद्युत आपूर्ति जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को देखेंगे।

इसी प्रकार विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक टीम, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, सहायक संचालक कृषि मनीष मिश्रा, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक श्रीमती ज्योति सिंह चौहान, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, परियोजना अधिकारी एनआरएलएम श्रीमती शबाना बेगम और सिटी मेनेजर एनयूएलएम नगर निगम यश रजक शामिल हैं, स्थानीय उत्पादों के स्टाल लगाने और उनका प्रबंधन करने का दायित्व संभालेगी। इसी प्रकार प्रबंधक लीड बैंक मेझरस किडो व जिला पंचायत अकाउंटेट सुर्भित अग्रवाल आकांक्षा हाट से संबंधित बैंक खाता खुलवाने एवं नीति आयोग से राशि प्राप्तक कर सभी देयकों का भुगतान कार्य करेंगें। वहीं जनपद पंचायत रीठी के सीईओ राजेश नरेन्द्र सिंहकार्यक्रम में सम्मानित होने वाले अधिकारियों की सूची और प्रशस्ति पत्र तैयार करेंगे।

## जन शिक्षण संस्थान में ध्वजारोहण, वीर सपूतों को किया गया नमन



**कटनी।** जन शिक्षा संस्थान में स्वतंत्रता के अवसर पर 8:30 बजे राजा रोहन जन शिक्षण संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती लाली सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि हम अपनी स्वतंत्रता हासिल किया 78 वर्ष बीत चुके हैं और 79 शिवा स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं और हमें अपने देश को आजाद करने में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीरों को हम सलाम करते हैं कि उनके प्रयासों से हमारा देश अंग्रेजों की जंगल से छूट गया और स्वतंत्रता दिवस यह एक दिवस नहीं बल्कि हमारी एक जिम्मेदारी है कि हमें अपने देश को आजाद करने में जिन वीरों ने अपने प्राणों का बलिदान जाम को कभी नहीं भूलना चाहिए एवं ध्वजारोहण के पश्चात सभी ने राष्ट्रीय गान गया उसके पश्चात जन शिक्षण संस्थान के लाभार्थी स्टाफ एवं अनुदेशक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में भारतीयों के द्वारा गण एवं नृत्य किया गया इस कार्यक्रम में बबीता सिंह अर्चना सिंह हेमंत राज अजय पटेल राजेश खरे उपस्थित रहे।



## पहलवानों ने दंगल में दिखाए दाव पेंच

**स्लीमनाबाद।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत इमलिया मैं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विशाल दंगल आयोजित किया गया। दंगल मैं अपने करतबों को दिखाने दूरदराज क्षेत्रों से पहलवान आये। पहलवानों ने दंगल मैं एक से बढ़कर एक दाव पेंच दिखाकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। विजेता हुए पहलवानो को शील्ड व नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया! इसके अलावा दंगल मैं भाग लेने आये पहलवानों को भी आयोजक समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रिया सिंह, थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया,भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया,गोविंद सिंह,सुधा सिंह, विजय दुबे सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## ध्वज संहिता के उल्लंघन पर शोकाज नोटिस जारी

**कटनी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किले में ध्वजारोहण समारोह के दौरान ध्ववज संहिता का पालन नहीं करने पर विजयराघवगढ़ एसडीएम ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग (पीएचई) के अनुविभागीय अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पीएचई के अनुविभागीय अधिकारी कोस्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किले में बैठक व्यवस्था, माइक, ध्वजारोहण स्थल की साज-सज्जा और प्रकाश व्यवस्था सहित अन्यब व्यववस्थोओं की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। परन्तु, 15 अगस्त को विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा ध्वजारोहण के दौरान यह पाया गया कि भारतीय ध्वज संहिता का पालन नहीं किया गया। यह कृत्य राष्ट्रीय पर्व जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति घोर लापरवाही और पदीय दायित्वों का निर्वहन न करना दर्शाता है। इसके आधार पर, उनके खिलाफ मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 और मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजने की बात कही गई है। अनुविभागीय अधिकारी को तीन दिन के भीतर अपना लिखित जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए वे व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

## दीपो की रोशनी से जगमगाया लघु वृन्दावन धाम बांधा

# जन्माष्टमी पर अर्पित किए छप्पन भोग, महाआरती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

लघु वृन्दावन धाम बांधा इमलाज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दीपो की रोशनी से लघु वृन्दावन धाम जगमगा उठा। मध्यरात्रि 12 बजते ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाने का सिलसिला शुरू हो गया। भगवान के जन्मोत्सव पल के साक्षी बनने बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा।

हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की ,कृष्ण जन्मे आधी रात बांधो की रतिया जैसे सुमधुर गीत गाये जाने लगे। मंदिर के पुजारी के द्वारा भगवान का पंचामर्त से अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद भगवान का श्रृंगार किया। लघु वृन्दावन बांधा मैं जन्मोत्सव का नजारा देख श्रद्धालु भक्ति में रम गए।



लघु वृंदावन धाम बांधा मे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पुनीत अवसर पर प्रात 7 बजे से भगवान का आचार्य की उपस्थिति मे अभिषेक पूजन हुआ!प्रातः 9 बजे स्थानीय श्री रामचरित रामायण मंडल इमलाज द्वारा भजन कीर्तन प्रारम्भ हुए। दोपहर 2 बजे से श्रीराम भक्त भजन मंडल द्वारा संदीप तिवारी के संयोजन मे प्रारम्भ हुआ!सायं 8 बजे से सचिन समदरिया एवं जबलपुर की गायिका पूजा तिवारी के सुमधुर भजनो की प्रस्तुति दी गई। साथ ही जय माँ आसमानी रामायण मंडल देवरी हटाई के द्वारा रात्रि 1 बजे तक अनवरत सुंदर भजनो की रसगंगा प्रवाहित हुई। सायंकाल में गोधूलि बेला पर उपस्थित विद्वान आचार्य डॉक्टर दिनेश तिवारी आचार्य रोहित तिवारी, आचार्य महेंद्र त्रिपाठी द्वारा सुस्पष्ट एवं सुंदर लयबद्ध रूप से पुरुष सूक्त वैदिक मंत्रों का वाचन किया गया । रात्रि ठीक 12:00 बजे भगवान के जन्म झांकी के जैसे पट खुले तब समूचा परिसर श्री कृष्ण नाम की जयकारों से गुंजायमान हो गया । भव्य महा आरती के साथ भगवान का भोग प्रसाद वितरण हुआ।

इस दौरान कांग्रेस शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ,बीएम तिवारी, ठाकुर गुमान सिंह, जनपद उपाध्यक्ष प्रकाश साहू, जिला पंचायत सदस्य पप्पू मिश्रा, अखिल पांडेय, संतोष बर्मन, कल्लूदास बैरागी, रामनरेश त्रिपाठी, सुनील उपाध्याय सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

सुमधुर भजनों की धुन पर भक्तो के कदमताल थिरकते रहे।

जन्मोत्सव उपरांत पालना उत्सव मनाया गया।जहां महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल गोपाल रूप के दर्शन कर पूजन अर्चना की व सोहर गीत गए। जन्मोत्सव की खुशियां उपरांत महाआरती आयोजित की। महाआरती कर विश्व कल्याण की कामना की गई।

















## खबर संक्षेप



### प्राचार्या रेखा तिवारी को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**स्लीमनाबाद।** सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलहरी की प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी को स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम मे कलेक्टर दिलीप यादव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। कलेक्टर ने बिलहरी प्राचार्या रेखा तिवारी को वर्ष 2024-25 मे स्कूल के कक्षा दसवीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर सम्मानित किया है! इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, डीएफओ गौरव शर्मा, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत उपस्थित रहे। प्राचार्या को मिले सम्मानित पत्र पर क्षेवासियो ने बधाई दी ओर आगे भी स्कूल का नाम गौरवन्वित करनी की बात कही है।

### आंगनबाड़ी सहायिकाओं की अनंतिम सूची जारी

**बड़वारा।** महिला एवं बाल विकास परियोजना बड़वारा अंतर्गत 42 आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों हेतु एमपी ऑनलाइन के माध्यम से विज्ञापन जारी कर 4 जुलाई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे एवं 7 जुलाई तक आवेदिकाओं को आवेदन संशोधन का अवसर दिया गया था परियोजना अधिकारी बड़वारा इंद्र कुमार साहू द्वारा जारी विज्ञप्ति के द्वारा बतलाया गया की 6 अगस्त 2025 को खंड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें समिति द्वारा ऑनलाइन आवेदन परीक्षण उपरांत 13- 14 अगस्त 2025 को एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से 37 आंगनबाड़ी केंद्रो की अनन्तिम सूची का प्रकाशन किया गया है, 5 केंद्रो क्रमशः नन्हवारा सेझा, महंगवा, मिनी करौंदी खुर्द, मिनी बिजौरा, सुद्दी ककरी टोला की सूची online portal मे त्रुटि सुधार के बाद 16/8/25 को जारी कर दी गयी है। संबंधित आवेदक चयन पोर्टल की साइट पर जाकर आवेदन क्रमांक दर्ज कर अपनी स्थिति देख सकते हैं एवं असंतुष्ट होने पर साक्ष्य सहित ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

### माध्यमिक शाला चाँदन में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**बड़वारा।** शासकीय माध्यमिक शाला चाँदन में 79 वें स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही धूमधाम से जश्न के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्रभात फेरी, तिरंगा रैली निकाली गई। शाला में अध्यनरत छात्र-छात्राओं व विद्यालय स्टाफ द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति पेश की गई। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक हरिप्रसाद पांडे (भोला महाराज) द्वारा विद्यालय में प्रतिदिन आने वाले छात्र-छात्राओं को स्टील के टिफिन लंच बॉक्स 100 छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को ग्रामीणों द्वारा प्रोत्साहन राशि से पुरष्कृत किया गया।

---

पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार, 6 महीने पहले मंदिर में किया था विवाह

# घरेलू कलह से तंग आकर पति ने ही की थी गर्भवती पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



माधवनगर थाना की निवार चौकी क्षेत्र के ग्राम जरवाही में गर्भवती महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 16.08.25 को सुबह सूचना प्राप्त हुई कि चौकी निवार अन्तर्गत ग्राम जरवाही में शिवानी उर्फ प्रिया बर्मन नामक महिला मृत अवस्था में अपने घर में खून से लथपथ पड़ी है। सूचना पर तत्काल थाना माधवनगर व चौकी निवार के पुलिस बल मौके पर पहुंचकर देखा कि शिवानी बर्मन नाम की महिला अपने घर के कमरे में बिस्तर में खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ी थी। महिला का पति रविशंकर बर्मन घर में नहीं था। घर वालों ने बताया कि रात में मृतिका शिवानी बर्मन एवं उसके पति रविशंकर बर्मन का विवाद हो रहा था घर वालो ने समझाइश देकर विवाद को शांत करा कर दोनों सुला दिया था। रविशंकर ने अपनी पत्नि शिवानी बर्मन को सोते समय चीप सिर में पटकर हत्या कर दी और घर से भाग गया। मौके पर उपस्थित मृतिका के पिता विशाल बर्मन निवासी बिलहरी ने बताया कि उसकी लड़की शिवानी बर्मन की अपनी मनपसंद की शादी दिनांक 12.02.25 को रविशंकर बर्मन से बांदकपुर मंदिर दमोह में हुई थी। जो वर्तमान में 05 माह की गर्भवती थी। लड़की शिवानी बर्मन एवं रविशंकर बर्मन का आपस में घरेलू बात को लेकर वाद विवाद होता रहता था। घरेलू विवाद को लेकर दामाद रविशंकर ने लड़की शिवानी की हत्या कर दी है। आरोपी के विरुद्ध हत्या के आरोप का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर मृतिका का पोस्टमार्टम जिला चिकित्सालय कटनी से कराया गया। घर वालों के बताये अनुसार आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस बल के साथ जरवाही गांव के जंगल में आरोपी रविशंकर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उसने बताया कि दिनांक 15.08.25 की रात मे हुए विवाद के कारण वह रात भर विवाद को लेकर गुस्से में था। घरेलू कलह के कारण दिनांक 16.08.25 को सुबह करीब 5.00 बजे जब उसकी पत्नि गहरी नींद में थी उसके सिर में चीप पटक दिया था। पत्थर का नुकीला कोना चेहरे में घुस जाने के कारण अत्यधिक खून निकलने लगा था पत्नि तड़पने लगी थी। पत्नि को तड़पता हुआ देखकर घर से भाग गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाकर जेल भेजा गया।

कार्यवाही में प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक, थाना प्रभारी माधवनगर निरीक्षक अभिषेक चौबे, चौकी प्रभारी निवार उप निरी. नेहा मौर्य, सउनि कमलेश्वर शुक्ला, सउनि रमाकान्त दुबे, प्र.आर. अनिवाश मिश्रा, नीलेश दुबे, मनीष असैया, आरक्षक अरविन्द कुशवाहा, वकील यादव, लोकेन्द्र सिंह एवं अभय यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---



# जिले में धूमधाम से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव, बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिरों, स्कूलों, कॉलेजों और घरों मेंहर जगह कृष्ण भक्ति की गूंज सुनाई दी। नगर के मुख्य मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया। भक्तजन भगवान की एक झलक पाने और उनकी पूजा-अर्चना करने के लिए मंदिरों में उमड़ते रहे। शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में भगवान श्री कृष्ण के जीवन लीलाओं का मंचन किया गया और नंद के घर आनंद भयो....जय कन्हैयालाल की....नंद के लाल की..., जैसे भक्तिपूर्ण भजनों के साथ नृत्यह की प्रस्तुकतियां दी गईं। वहीं विकासखंड बहोरीबंद के रूपनाथ धाम में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय उच्चोतर माध्यामिक विद्यालय पहाड़ी निवार एवं शासकीय उच्चतर माध्योमिक विद्यालय इमलिया एवं अनुसूचित जाति कन्याय छात्रावास कारीतलाई में जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने राधा-कृष्ण के वेश में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं, कटनी के कन्या महाविद्यालय में भी बलराम जन्मोत्सव और कृष्ण जन्मोत्सव को समर्पित विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर इस पर्व की शोभा बढ़ाई। पूरा जिला भगवान कृष्ण की पूजा-आराधना में तमन्यकता व भक्ति भाव में लगा रहा।

---

बारडोली महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ ध्वजारोहण

# नन्हें मुन्ने छात्रों ने देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी मोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बारडोली जनकल्याण एवं विकास समिति के तत्वाधान में बारडोली महाविद्यालय एवं बारडोली पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहरण का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि बारडोली महाविद्यालय के संरक्षक सुनील उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बारडोली महाविद्यालय के संरक्षक पं. सुनील उपाध्याय, प्राचार्य डॉ.रागिनी सिंह एवं श्रीमति श्वेता उपाध्याय के द्वारा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पष्चात मॉ सरस्वती एवं भारत माताजी की प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण किया गया।

महाविद्यालय के दीनदयाल आडिटोरियम में महाविद्यालय एवं स्कूल के नन्हे-मुन्नों छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। बारडोली पब्लिक स्कूल नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा स्वतंत्रता सेनानी एवं देष व समाज के रक्षक सेना] पुलिस की फैंसी ड्रेस में अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम प्रभारी राकेश गुप्ता द्वारा पुष्पगुच्छ भेट करके अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन आर्यिका रोटेल एवं डॉ. क्षिप्रा निगम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सुनील उपाध्याय ने अपने उदबोधन में कहा कि छात्रों को देश के उज्जवल भविष्य के लिए छात्रों को स्वतंत्रता सेनानियो के जीवन परिचय से से अवगत कराना चाहिए। स्वतंत्रता सेनानियों ने किस तरह देश को आजाद करने में अपना प्राणों का बलिदान देकर देश की रक्षा की एवं देश को आजाद कराया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रागिनी सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि छात्रों के मन में देश के विकास हेतु देशप्रेम की भावना जगानी चाहिए।

स्कूल प्राचार्य संगीता जाटव ने अपने उदबोधन अतिथियों का आभार प्रदर्षन किया गया। कार्यक्रम में बारडोली महाविद्यालय डॉ. रजनी पांडे, लखन साकेत] स्मति मौर्य पवन दाहिया, मनोज प्यासी, शैलेन्द्र बड़गैया, रोहन गुप्ता, प्रिया, शिल्पी, ज्योति गुप्ता आदि समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

---

## पड़रिया की टीम बनी मटकी फोड़ प्रतियोगिता की विजेता



गोविंदा आला रे आला, जरा मटकी संभाल ब्रजवाला गीत की मधुर धुन के बीच श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर प्रसिद्ध रुपनाथ धाम मे मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई जहाँ विकासखंड क्षेत्र की प्रमुख 10 टीमो ने भाग लिया। 35 फिट ऊपर मटकी को बांधा गया। मटकी को फोडने 10गावों की गोविंदाओ की टोलियो ने हैरत अंगेज करतब दिखाए। अंतः ग्राम पड़रिया की टीम इस मटकी फोटो प्रतियोगिता की विजेता बनी जिसने मटकी फोडने मे सफलता हासिल की। विजेता टीम को 18 हजार 500 रूपये नगद व शील्ड प्रदान किया गया। आर के म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा कृष्ण मय भजनो की प्रस्तुति दी गईं। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष लाल कमल बंसल ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशो मे ही जीवन जीने की कला निहित है। श्री कृष्ण का जीवन अलौकिक होने पर भी लौकिक जीवन से जुडा हुआ दिखाई पड़ता है। जीवन जीने की कला यदि किसी से सीखनी चाहिए तो वह है श्रीकृष्ण। इस दौरान जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल ,एसडीएम राकेश चौरसिया,एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य रीना राकेश लोधी,सरपंच नरेंद्र सैनी, प्रतियोगिता प्रभारी राजेश रजक, महेन्द्र सैनी,थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा,कृष्णदत्त मिश्रा सहित बड़ी संख्या मे लोगों की उपस्थिति रही।

---

# संदीपनि विद्यालय करेला में आन-बान शान से फहराया गया तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

बरही तहसील अंतर्गत संदीपनि विद्यालय करेला में आन-बान शान से फहराया गया तिरंगा भारत माता कीआकर्षक झांकी के साथ तिरंगे को सलामी दी गई वीर सपूतों की बलिदानी को याद किया गया लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति सरपंच अमर सिंह उपसरपंच पूर्व सैनिक अजय सिंह समाजसेवी पूर्व ग्राम न्यायालय अध्यक्ष फुद्दू लाल यादव प्राचार्य आर के शुक्ला समस्त शिक्षक शिक्षिका ग्राम के गणमान्य जनों छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही।

### अभाविप ने निकाली तिरंगा यात्रा

बरही नगर में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर विद्यार्थी परिषद संगठन ने भारत माता की झांकी के साथ करीब 1000 मीटर का तिरंगा लिए सबसे लंबी तिरंगा यात्रा सरस्वती स्कूल से प्रारंभ करते हुए नगर भ्रमण करते हुए महाविद्यालय पहूंची बलिदान हुए महापुरुषों व वीर सपूत सैनिकों को याद किया गया पूरे नगर में हजारों की तादाद में छात्र छात्राएं व विद्यार्थी परिषद के लोग की उपस्थित में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

---

शासकीय हाईस्कूल बिरूहली में जिपं उपाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

# भवन का जीर्णोद्धार एवं हाईस्कूल को हायर सेकेण्डरी बनाने के प्रयास का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर जनपद पंचायत कटनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिरुहली स्थित पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा मौजूद रहे। देशभक्ति से ओतप्रोत उत्साहित बच्चों के बीच मौजूद जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए ध्वजारोहण किया।

रंगारंग कार्यक्रमों की मनमोहक परिस्थितियों के बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने बच्चों के साथ रुचिकर भोजन का आनंद भी



उठाया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, साथ ही उन्होंने प्राथमिक शाला भवन के जीर्णोद्धार एवं हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल कराने के लिए सतत प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। अपने संबोधन में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए श्री विश्वकर्मा ने उन्हें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन उपरांत जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने बच्चों के साथ रुचिकर भोजन किया। इस दौरान स्कूल के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में बच्चों के अलावा उनके अभिभावक और ग्रामीण जन मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में ग्राम वासियों द्वारा बताई गई समस्याओं जैसे प्राथमिक स्कूल का कब्जा हटवाना, बिरूहली में हायर सेकेंडरी स्कूल की मांग, प्राचार्य के प्रभार संबंधी समस्याओं को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन किया और यहां निवास कर रहे पारधी समाज के लोगों को शिक्षा और समाज से जुड़े रहकर अपने और अपने बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने की बात कही।

---

## जन्माष्टमी पर नंदलाला की जयघोष, गोविंदाओं ने दिखाए हैरत अंगेज करतब

# जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण की निकली शोभायात्रा, कलाकारों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



नंद घर आंनद भयो जय कन्हैया लाल की,हाथी घोड़ा पालकी मदन गोपाल की। गोविंदा आला रे आला जरा मटकी संभाल ब्रजवाला रे,नंदलाला यशोदा लाला बड़ो नटखट है ये बांसुरी वाला... की की धुन पर गोविंदाओं की टोली निकली। बहोरीबंद में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव पर 15 से 20 गाँवो के यादव समाज के लोग उपस्थित हुए।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर यादव सामाजिक विकास मंच के द्वारा बहोरीबंद स्थित शारदा माता मंदिर से विशाल वाहन शोभायात्रा शुरू की। 5 किलोमीटर की दूरी तय कर शोभायात्रा रुपनाथ धाम पहुँची। शोभा यात्रा मे बाल गोपाल श्रीकृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा मे गोविंदाओं ने हैरत अंगेज करतबो का प्रदर्शन किया। उपस्थित जनमानस के द्वारा गोविंदाओं का तालियां बजा बजाकर हौसला बढ़ाया गया है। हैरतअंगेज करतबो के बीच भगवान श्रीकृष्ण की जयजयघोष के नारे भी गुंजायमान हो रहे थे।

इस दौरान अध्यक्ष रामनरेश यादव, प्रवीण यादव, विपिन यादव, राजकुमार यादव, राम पाल यादव,हेमराज यादव, कृष्ण यादव , विनोद यादव,कमलेश यादव, सुनील यादव, गोविन्द यादव,राहुल यादव, सचिन यादव, रामरतन यादव,आकाश यादव सहित सर्व यादव समाज के लोग उपस्थित रहे!

### जय कन्हैया लाल की

स्लीमनाबाद क्षेत्र में भी भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मना। जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण मंदिरों में दिन भर विविध धार्मिक कार्यक्रम का सिलसिला जारी रहा। मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा रही। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे विराजित भगवान श्रीराधे-कृष्ण का भव्य श्रृंगार किया। प्रात 9 बजे बाल गोपाल का अभिषेक किया गया। सायं 3 बजे महिला मंडल के द्वारा भजन-संकीर्तन के साथ रामचरित मानस पाठ किया गया। वही रात्रि बजरंग रामायण मंडल के द्वारा रामचरित मानस पाठ गायन किया गया साथ ही महाआरती कर प्रसाद वितरण वितरण किया गया। हरिदास ब्रजधाम कोहका में भंडारा आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

सरकारी व निजी स्कूलों में जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित हुई। बच्चों में मटकी फोड़ने की उत्सुकता देखकर सभी हैरान रह गए। हाथों में बांसुरी व सिर पर मोर मुकुट लगाए बच्चे कृष्ण का रूप धरकर पहुंचे। वहीं कई बालिकाओं ने राधा रानी का भी रूप धरा। इस दौरान कृष्ण के जीवन पर आधारित लीलाओं का मंचन भी किया गया। बच्चों ने कृष्ण भजनो पर मनमोहक प्रस्तुति दी !इस दौरान पूरा माहौल कृष्णमय हो गया।

जन्माष्टमी पर्व पर सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद मे मटकी फोड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे 21 बच्चे एवं शिक्षको ने भाग लिया। इसके बाद भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र पर ब्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी, सत्यनारायण तिवारी,अखिलेश पांडे, कल्पना गडारी, सविनय तिवारी, जितेंद्र पटेल, चमन रजक आदि लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे जो प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

---

# सिलौंडी क्षेत्र में शान से फहराया गया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

सिलौंडी के सभी शासकीय अशासकीय संस्थाओं में शान से तिरंगा फहराया गया। शासकीय बालक हायर सेकेंडरी में सहकारी समिति इंदिरा आवास प्राथमिक स्कूल में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ,ग्राम पंचायत सिलौंडी में सरपंच पंचों संतोष कुमार , काछी याना मोहल्ला आंगनवाड़ी में उपसरपंच राहुल राय , भारत नगर आंगनवाड़ी में उपसरपंच राहुल राय , पंच अंजू देवी वंशकार ,जय स्तंभ में रजनीकांत राय , जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय,पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत राय ,सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय ,शंकर लाल राय ,सतेंद्र राय के द्वारा तिरंगा फहराया गया । ग्राम पंचायत कछार गांव बड़ा में सरपंच कैलाशचंद्र जैन, खमरिया बागरी में सरपंच अनिल सिंह बागरी ,लालपुर में सरपंच मीना मोहन बागरी , अतरसुमा में सरपंच सुशील परस्ते ,



नेगाई में सरपंच रगो बाई ने झंडा फहराया है । मुख्य समारोह स्थल में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय , रिटायर्ड फौजी दुखिलाल काछी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय ,सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय,जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रवि अवस्थी ने झंडा फहराया। मुख्य समारोह में जागरूकता समिती ने नशा मुक्ति के कार्यक्रम करने वाले भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,कन्या हाई स्कूल का अच्छा संचालन करते हुए परीक्षा परिणाम में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्राचार्य विशाल बरकडे, नल व्यवस्था में दिन रात कार्य करने वाले शिव कुमार गाडरी , 10 वी टापर साहनी चक्रवर्ती का सम्मान किया ।

कार्यक्रम स्थल से पंचमुखी सेवा न्यास दरबार ने 5 मेधावी छात्र छात्राओं को आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया । पंचमुखी सेवा न्यास दरबार ने स्कूल गेट के पास से 40 kg बूंदी के प्रसाद वितरण किया

कार्यक्रम में इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति की कविताएं, गीत, भाषण आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। इसी तरह सिलौंडी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ रतिराम अहिवार ने तिरंगा फहराया और छात्र छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम डॉ लक्ष्मी कांत बागरी के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए ।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



नगर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव पर्व धूम धाम से मनाया गया। मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए वही घर घर में भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमाओं को सजाकर लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना की गई। रात्रि में घरों और मंदिरों में घंटी घड़ियाल की ध्वनि गूंज उठी। पटाखों की आवाजों और खुशियों के साथ इस दिन को मनाया गया। भजन मंडलियों ने भगवान श्री कृष्ण के एक से एक बढ़कर भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। नन्द के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, आया रे आया माखन चोर जैसे भजनों से भगवान का भव्य स्वागत किया। शाला ठाकरास, मुख्य बाजार क्षेत्र एवं प्राचीन मुकरबा के राधा कृष्ण मंदिर में पंचामृत, एवं गुड के लड्डुओं का भोग लगाकर श्रद्धालु को प्रसाद वितरण किया गए। वहीं वार्ड नं * में कृष्ण कथा के दौरान संतोष पुरोहित ने श्री कृष्ण की पवन लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन से दिया जाना चाहिए जिससे वह जीवन भर उनका स्मरण रखे। इसीलिए बच्चों में धर्म व अध्यात्मक का ज्ञान देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने कंस पूतना समेत कई राक्षसो का वध कर मानव जाति को उनके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। राजा इंद्र का घमंड तोड़ने को गोवर्धन पर्वत अपनी कनिष्का अंगुली पर उठा लिया था। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के बताए आदर्शों पर चल कर दिनदुखियों की हर संभव मदद के साथ जीवो पर दया करने का भी संकल्प दिलाया। वहीं मुख्य बाजार क्षेत्र में वार्ड नं १२ में कोमल यादव के निवास पर यादव समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर भगवान श्री कृष्ण का जनोत्सव भक्तिमय माहौल के साथ मनाया। यही पर सामाजिक परिचर्चा की गई इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। उक्त अवसर पर आशाराम यादव, गोपाल यादव, पुरुषोत्तम यादव, रामसेवक यादव, रमेश यादव, लखन यादव सहित समस्त समाज के लोग मौजूद थे।

## थाने के अंदर मनाई जन्म अष्टमी



**तेंदूखेड़ा।** नगर के थाने के अंदर हवालात को गुब्बारो एवं फूल मालाओ से सजाकर गेट पर भगवान श्री कृष्ण की विधिवत पूजा पाठकर जन्म अष्टमी मनाई गई। जैसे मथुरा में भगवान श्री कृष्ण का करागार में जन्म हुआ था वैसे ही विधिविधान से थाना के अंदर भगवान श्री कृष्ण की स्थापना कर पूजन अभिषेक एवं प्रसाद वितरण कर कृष्ण जन्म अष्टमी मनाइ गई। संगीत मय भजन कीर्तन भी किया गया। जैसे मथुरा में भगवान का जन्म हुआ था वैसे ही जन्म उत्सव माने पर लोग सम्पूर्ण पुलिस स्टाप की सराहना कर रहे है। इस दौरान थाना प्रभारी नीतेश जैन, सेवानेवृत एसओ महेश विश्वकर्मा, एएसआई गजराज सिंह, प्रधान आरक्षक ब्रजेश तिवारी, महेश मुंशी, सालिमखान आरक्षक, आरक्षक शैलेन्द्र बघेल, राम मिलन घोषी, रणधीर सिंह दांगी, विशाल वेन, गोपाल सिंह राजपूत, कुवर सिंह के साथ पुलिस स्टाप मौजूद था।

## श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

**तेन्दूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम खमरिया अजीतपुर में आज से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कथावाचक पं उमाशंकर शास्त्री ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म-जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं। पं उमाशंकर शास्त्री ने कहा कि कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान और वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है। जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है, यह परमहंसों की संहिता है। भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। अधिक मास में इसके श्रवण का महत्व है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है, यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। कथा श्रवण में नीलेश यादव, रमा बाई एवं अन्य लोग सम्मिलित हुए।



### शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों में हुआ ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ पुरस्कार वितरण

# पटेरा में धूमधाम से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा







नगर में 79 वा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से विविध कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। सभी शासकीय कार्यालयों, अर्धशासकीय राजनैतिक कार्यालयों में ध्वज फहराया गया। तहसील कार्यालय में प्रभारी तहसीलदार ने, पुलिस थाना में थाना प्रभारी सरोज सिंह ठाकुर ने, नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष कमलरानी/दुलीचंद अहिरवार ने सीएमओ प्रेमसींग चौहान, उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार व पार्षद एवं नगर के प्रमुख व आमजन के बीच ध्वज फहराया व मिष्ठान वितरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉ आर आर बागरी ने स्टाफ की उपस्थिति में, सी एम राइस हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य विवेक नेमा ने, उ. विद्यालय में प्रभारी वंदना भोज मेडम ने, पीएमश्री शा. कन्या हाइ स्कूल में प्राचार्य सुरेन्द्र कटहरे ने, परियोजना कार्यालय में प्रभारी परियोजना अधिकारी, जनपद शिक्षा कार्यालय में वि.ख. स्त्रोत समन्वयक दिलीप उपाध्याय ने, आजीविका मिशन कार्यालय में प्रभारी ने ध्वज फहराया। सभी शासकीय अशासकीय स्कूलों में संस्था प्रमुख द्वारा ध्वज फहराया गया। शासकीय स्कूलों के विद्यार्थी परंपरानुसार गणवेश में गगनभेदी नारे लगाते हुए गांधी चौक पहुंचे जहां जनपद अध्यक्ष मल्लोबाई आदिवासी ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर गांधी चौक पर सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि शासकीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष बद्री पटेल, उपाध्यक्ष राजेश पटेल, कमलरानी अहिरवार, दीपक ताम्रकार, राजा ताम्रकार, सावित्री उपाध्याय, सावित्री हरिप्रसाद चौरसिया, नरेंद्र बजाज, पुष्पेंद्र सोनी, सत्यम सिंह राजपूत, बसोरी सिंह, जनपद सदस्य, मंडल अध्यक्ष व प्रमुख जन शामिल थे। सभी शालाओं के प्राचार्य, शिक्षक, व विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन खंड पंचायत अधिकारी अंगद सींग व विकास खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश गुजरे ने किया।

जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्ष मल्लोबाई आदिवासी ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बद्री पटेल, राजेश पटेल, जितेंद्र पाठक सहित नगर परिषद के पदाधिकारी व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व आमजन उपस्थित रहे। अंगद सींग, तिलक सींग चौहान, व्यवस्था में रहे तो वहीं मनरेगा कर्मचारी उपयंत्री की उपस्थिति रही।

उमा विद्यालय में सेवानिवृत शिक्षक महेश जैन की अध्यक्षता में कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पेंशनर्स अध्यक्ष मोहन ताम्रकार की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी जो सराही गई व अतिथियों ने उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य वंदना भोज, कमलेश शर्मा, लक्ष्मण विश्वकर्मा, अभिषेक ताम्रकार सहित सभी शिक्षक स्टाफ सक्रिय रहे। नगर के गणमान्य नागरिक, पदाधिकारी, पार्षद, पत्रकार एवं शासकीय अधिकारी कर्मचारी ने शाला में पहुंचकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

पार्षद व जिला योजना समिति सदस्य पुष्पेंद्र सोनी ने उत्कृष्ट विद्यालय, सी एम राइस मॉडल संदीपनि विद्यालय एवं पी एम श्री शासकीय कन्या हाइस्कूल में दसवीं एवं बारहवीं में सर्वाधिक अंक पाने वाले तीन तीन विद्यार्थियों को शील्ड मेडल से सम्मानित किया। शील्ड मेडल प्रदान करने वाले अतिथियों ने बद्री पटेल पूर्व जनपद अध्यक्ष, श्रीमती मल्लोबाई अध्यक्ष, सावित्री उपाध्याय, कमलरानी अहिरवाल, सावित्री हरप्रसाद चौरसिया, अरविंद ताम्रकार, नरेंद्र बजाज पत्रकार, डॉ सत्यम सिंह, मुन्ना अवधिया, मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह, दयाशंकर चौबे, बेनी चौरसिया, शंकर तंतुवाय, चित्र सींग, बसोरी सींग, जिनेश जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पत्रकार शामिल रहे। सभी स्कूलों ने भी अपने प्रतिभावान विद्यार्थियों को शील्ड मेडल अतिथियों से दिलवाई। सभी शालाओं में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को अतिथियों ने सराहा व उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मोहन ताम्रकार, अरविंद सिंह, गोविंद चौरसिया, कमलेश ताम्रकार, अतुल चौधरी सहित नगर के प्रमुख शामिल रहे।

## सहकारी बैंक में प्रबन्धक ने फहराया ध्वज



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा पटेरा में शाखा पटेरा में शाखा प्रबन्धक जितेन्द्र द्विवेदी ने शाखा पर ध्वज पूजन कर ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया। सेवा सहकारी समिति कार्यालय में समिति प्रबंधक वीरेंद्र दुबे ने ध्वज पूजन कर ध्वज फहराया। मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाखा प्रबन्धक व प्रशासक जितेंद्र द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र बजाज, लटोरी चौरसिया, मोहनलाल विश्वकर्मा, अभिषेक सोनी, हरि सिंह, जाहर सिंह ठाकुर, प्रवीण, मोहनलाल सिद्धे मिस्त्री, गोविंद, बलराम सहित नगर के प्रमुख जन, कृषक व बचत बैंक के हितग्राही उपस्थित रहे। सेवा सहकारी समिति रसोटा, कुंडलपुर पड़री सहजपुर, हिनौती, सोजना, कुम्हारी, पटेरिया, देवडोंगरा, शिकारपुरा में समिति प्रबंधकों ने या उनके द्वारा नामांकित कर्मचारी ने ध्वज फहराया।

## कन्या हाई स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

पीएम श्री शास.कन्या हाई स्कूल पटेरा में स्वतंत्रता दिवस उल्लास पूर्वक मनाया गया। विद्यालय में कक्षा दसवीं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त क्रमशः कुं दुर्गा पटेल, कुं. प्रीति काछी ,कुं. सरोज कुर्मी एवँ कक्षा 9वीं में क्रमशः स्वस्ति जैन, नितिका चौरहा, कुं. प्रियंका यादव को विद्यालय एवँ श्री पुष्पेन्द्र सोनी जी पार्षद (जिला योजना समिति सदस्य) द्वारा सील्ड एवँ मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय में कक्षा 10 वीं में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 10 छात्राओं को भी टिफिन-बाटल प्रदान की गई। कार्यक्रम में समस्त गणमान्य नागरिकों की उपस्थित रही। प्राचार्य सुरेंद्र कटहरे ने समस्त गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया। प्रमोद परौहा, संतोष कटारया, अरविंद पटैल, श्रीमती मीरा तंतुवाय, श्रीमती निशा परौहा, प्रदीप सोनी, नरेन्द्र सेन, संदीप नामदेव एवँ समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाया। संचालन नरेंद्र पटेल द्वारा किया गया।



# जबेरा अंचल में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा तहसील अंतर्गत 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया। सामूहिक ध्वजारोहण ग्राम पंचायत प्रांगण में संपन्न हुआ। जहां सरपंच शिवलाल धुर्वे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सामूहिक कार्यक्रम में सभी शालाओं के छात्र एवं छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। शासकीय महाविद्यालय जबेरा में ध्वजारोहण श्रीमती कमला चौरसिया के द्वारा किया गया। जनपद पंचायत जबेरा ध्वजारोहण श्रीमती आभा विनोद राय द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री रामेश्वर पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपाध्यक्ष रश्मि डॉ सुजान सिंह वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल सोनी समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। तहसील कार्यालय का ध्वजारोहण तहसीलदार सुश्री सोनम पांडे जी के द्वारा किया गया। नायब तहसीलदार श्री साहू जी, मुन्नालाल सोनी, एडवोकेट मन्नू लाल राय, बद्री खरे उपस्थित रहे। महिला बाल विकास परियोजना का ध्वजारोहण रिंकल घनघोरिया परियोजना अधिकारी के द्वारा किया गया। , वरिष्ठ कृषि कार्यालय का ध्वजारोहण वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया। शासकीय हाई स्कूल पौड़ी मानगढ़ का ध्वजारोहण प्राचार्य रामकिंकर जी शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच उप सरपंच जनपद सदस्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका प्राथमिक माध्यमिक एवं प्राइवेट स्कूलों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। छात्राओं के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।



## हाईस्कूल पौड़ी मानगढ़ में उत्साहित के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



**जबेरा।** विकासखंड जबेरा के अंतर्गत आने वाले शासकीय एकीकृत हाईस्कूल पौड़ी मानगढ़ में 79 वा स्वतंत्रता दिवस उत्साह और मांग के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम में जहां ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य, पूर्व सरपंच सहित समिति प्रबंधक एवं आसपास के चार विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यक्रम में सहभागिता रही है। प्रातः 7:30 बजे विद्यालय का ध्वजारोहण विद्यालय प्राचार्य राम किंकर शर्मा द्वारा किया गया। उसके बाद विद्यालय के समस्त शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में अपने हाथों में तिरंगा ध्वज लेकर गगन भेदी नारों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। जो ग्राम का भ्रमण करते हुए ग्राम पंचायत स्थल एवं सेवा सहकारी समिति कार्यालय से होते हुए विद्यालय प्रांगण में पहुंची। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बनाए गए भव्य मंच में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्र भक्ति राष्ट्र सेवा एवं सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा हिंदुस्तान हमारा की तर्ज पर एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। जिन्हें उपस्थित नागरिकों के द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को गिफ्ट एवं सौ सौ रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में प्राचार्य रामकिंकर शर्मा, चरण सिंह ठाकुर, गायत्री मरावी, ओंकार सिंह ठाकुर, सोबरन सिंह ठाकुर,माया यादव, संध्या दुबे, गायत्री ठाकुर, राजेंद्र यादव सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की उपस्थिति रही।

# देवरी लीलाधर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**तेजगढ़।** तेजगढ़ से लगभग 10 किलोमीटर दूर देवरी लीलाधर ग्राम के शासकीय माध्यमिक शाला में 79 वा स्वतंत्रता दिवस दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, सर्वप्रथम स्कूली बच्चों के साथ पंचायत प्रतिनिधि गणमान्य नागरिकों एवं स्कूली शिक्षकों ने गांव की प्रमुख गलियों में से ₹ स्वतंत्रता दिवस अमर रहे ₹ के नारे लगाते हुए प्रभात फेरी का आयोजन किया , तत्पश्चात ग्राम पंचायत सरपंच आरती ठाकुर/ हेमराज सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया. स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित जन समुदाय का बखूबी मनोरंजन किया.बच्चों की उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उपस्थित नागरिकों के द्वारा नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया गीत. वही पंचायत के द्वारा बच्चों को पाठ्य सामग्री प्रदान की गई. संस्था प्रभारी मनोहर सिंह ठाकुर ने अभिभावकों से अपील कर कहा कि आप अपने बच्चों को प्रति दिन शाला समय पर स्कूल भेजे तो वे बेहतर प्रदर्शन कर आपका और आपके गाँव का नाम रोशन करेगे. कार्यक्रम मे पूर्व सरपंच विजय जैन, सचिव राम सिंह लोधी, नेपाल सिंह नेता, बबलू ठाकुर कुलुवा, कोमल सिंह जीआरएस,घूमन सिंह केवलारी, शिक्षक बहादुर सिंह, कल्पना लोधी, मनोज रैकवार, विनीता जैन, राजेश सिंह, सुशीला ठाकुर उमरावसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

# चौथा निः शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर सम्पन्न

## अब हिण्डोरिया में हर महीने की 2 एवं 16 तारीखों में शिविर लगेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर एवं द्वारकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बस स्टैंड परिसर पर 16 अगस्त 2025 दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे से अपरांह 04 बजे तक एक दिवसीय निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस सम्बन्ध में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. वेद शर्मा एवं विकास सिंह लोधी ने बताया कि शिविर में 30 मरीजों का नेत्र परिक्षण किया गया। शिविर में मोतियाबिंद, अक्सूर, नखूना नेत्र रोग से सम्बंधित 12 मरीजों को चिन्हित किया गया। इन मरीजों के उक्त नेत्र रोगों का उपचार आयुष्मान भारत योजना कार्ड के माध्यम से सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल जबलपुर मे निः शुल्क किया जाएगा। डॉ.वेद शर्मा ने कहा कि हिण्डोरिया मे अब हर माह की 02 तारीख एवं 16 तारीख को ये शिविर लगेंगे।शिविर मे भाग लेने वाले मरीज को अपने साथ आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड शिविर मे साथ लेकर आना होगा। जांच के दौरान जो भी मरीज पात्र होगा । उसे उसी दिन शिविर स्थल से सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल जबलपुर के लिये वाहन से उपचार के लिए ले जाया जाएगा। एवं वापिस भी छोडा. जायेगा। मरीज के भोजन, आवास एवं यात्रा की निः शुल्क व्यवस्था अस्पताल की रहेगी। शिविर के आयोजक एवं सहयोगी पार्षद प्रतिनिधि शानु खान एवं म. प्र. एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने सभी वर्ग समुदाय के लोगों से हिण्डोरिया मे हर महीने की 02 एवं 16 तारीख मे आयोजित होने वाले निः शुल्क नेत्र शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व मुशायरा हुआ संपन्न

**दमोह।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा कार्यक्रम स्थानीय बस स्टैण्ड स्थित निजी कोचिंग क्लासेज में आयोजित हुआ जिसमें नगर के प्रसिद्ध शायरों कवियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं रचनाओं की प्रस्तुतियां दी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ ऐडवोकेट भगवती दादा श्रीवास्तव जी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी विनोद चौरसिया ने की । इसके अलावा कार्यक्रम में शायर एवं स्थानीय रचनाकारों गीतकारों ने उपस्थित देकर राष्ट्रीय मुशायरा व कवि सम्मेलन को कामयाब बनाया । कार्यक्रम में सभी साहित्यकारों शायरों का स्वागत व सम्मान आयोजक संस्था द्वारा किया गया कार्यक्रम का आभार कोचिंग संचालक प्रकाश शर्मा जी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के अलावा स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही इस राष्ट्रीय मुशायरा कार्यक्रम में प्रसिद्ध शायर मंज़र दमोही राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त शायर ताबिश नैयर, शायर डॉ ताबिश अहसन, शायर सरफराज दमोही के अलावा गीतकारों में फयानाथ तिवारी,विपुल जैन, संतोष जैन सहित सभी रचनाकारों ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवती श्रीवास्तव ने कहा कि यहाँ इस साहित्यिक कार्यक्रम में आकर बहुत ख़ुशी हुई और हमारे दमोह की साहित्य कला विधा से जुड़े लोगों के बीच अपने आपको पाकर बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूँ । साथ ही कहा कि संस्कारी बच्चों को देखकर लगता है कि दमोह में कोई प्राइवेट शैक्षणिक संस्था है जहाँ हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार और संस्कृति से परिचित किया जा रहा हैं । वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष समाज सेवी विनोद चौरसिया ने सभी रचनाकारों के साथ साथ राष्ट्रीय कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा बड़ा अच्छा लगा जब शायरों कवियों गीतकारों ने देश प्रेम से ओतप्रोत कविताओं और कलामों का वाचन किया। वहीं कार्यक्रम के आयोजक शिक्षक प्रकाश शर्मा ने मंच से कहा कि आज हमारे दमोह के बच्चों को भी दमोह नगर के नामचीन शायरों को सुनने का अवसर मिला जिसमें उनके ज्ञान में भी वृध्दि हुई। कार्यक्रम के आखिर में रुक्मिणी एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा सभी अतिथियों एवं साहित्यकारों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के नितेश दुबे, सुमित सेन, आनंद दुबे, मोनू राज, हनी सहित समस्त स्टाफ का सरानीय योगदान रहा।



## धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व



**दमोह।** बेलाताल स्थित श्री शिव सांई मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया साथ ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। मंदिर के पुजारी कमलेशानंद मिश्रा ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी, जिसे जन्माष्टमी वा गोकुलाष्टमी के रूप में भी जाना जाता है, एक वार्षिक सनातन पर्व है जो विष्णुजी के दशावतारों में से आठवें और चौबीस अवतारों में से बाईसवें अवतार श्रीकृष्ण के जन्म के आनन्दोत्सव के लिये मनाया जाता है।यह सनातन चंद्रमण वर्षपद के अनुसार, कृष्ण पक्ष (अंधेरे पखवाड़े) के आठवें दिन (अष्टमी) को भाद्रपद में मनाया जाता है। इस अवसर पर आलोक गोस्वामी पं. चंद्र गोपाल पौराणिक, मंदिर के पुजारी पं. कमलेश्वरानंद जी महाराज, डॉक्टर , कपिल दुबे, कपिल सोनी, श्रीमती पूजा मलैया, श्री मती कविता राय, राहुल ताम्रकार, मिक्की चंदेल, डब्बू ताम्रकार, यश ताम्रकार, सुरेश भैया, राजू नामदेव, संदीप नामदेव, भोले चौरसिया, वीरेंद्र पाठक, दीपक चौरसिया, अखिलेश घोषी, रतन यादव, प्रयास सेन, ऋषि सोनी, केशव नामदेव, राजा असाटी, राजू रैकवार भोले मुकेश सोनी, अभिषेक साहू अमित पांडे विवेक चौबेसहित श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## विष्णु गुप्ता ने किया ध्वजारोहण



**दमोह।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामकुमार विद्यालय दमोह में उत्साह एवं उमंग के साथ स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण हुआ। तदुपरांत गांधी चौक के ध्वजारोहण में प्रभात फेरी के साथ छात्र और शालेय स्टाफ शामिल हुआ। विद्यालय में इस अवसर पर श्री हनुमान गढी शिक्षण समिति और शालेय स्टाफ ने छात्रो के साथ वृक्षारोपण किया। छात्रो को विद्यालय में मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य जितेन्द्र कुमार गुरू, द्वारका प्रसाद सोनी, नन्हें लाल केशरवानी एवं समिति के सह सचिव विजय सिंह ठाकुर सहित प्राचार्य एवं संपूर्ण विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही।

### वन विभाग ने ग्रामीणों की मदद से पकड़कर सिंगौरगढ़

## पांच फुट के मगरमच्छ से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

दमोह के वन परिक्षेत्र सिग्रामपुर की बीट पोड़ी में शनिवार की रात उस समय हड़कंप मच गया जब गांव से डेढ़ सौ मीटर दूर खेतों में एक 5 फीट का मगरमच्छ चहलकदमी करता हुआ किसानों को दिखाई दिया। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई, जिस पर वन विभाग की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ का रेस्क्यू अभियान शुरू किया। करीब 1 घंटे के इस अभियान में वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पिंजरे में कैद करने में सफलता प्राप्त की। बताया गया है कि यह मगरमच्छ पहले पोड़ी गांव की एक तलैया में दिखाई दिया था, जिसके बाद वन विभाग ने पिंजरे लगाए थे, लेकिन मगरमच्छ पिंजरे में नहीं



फंसा और तालाब से निकलकर खेतों में घूमने लगा। बीट गार्ड अरविंद राय, तारा सिंह और ग्रामीणों की मदद से वन विभाग ने मगरमच्छ को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया और सुबह रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के सिंगौरगढ़ जलाशय में सुरक्षित छोड़ दिया गया। मगरमच्छ के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## शहर में जगह जगह लगे कचड़े के ढेर




**दमोह।** शहर में नगर पालिका द्वारा साफ सफाई व्यवस्था का सुचारू संचालन न होने से जगह जगह कचड़े के ढेर नजर आ रहे है। शहर में कई स्थानों पर आसपास के व्यापारियों द्वारा कचड़ा घर बनाकर रखा जिनके द्वारा अपनी दुकानों का कचड़ा सड़क किनार फेंका जाता है। वहीं नपा द्वारा इन व्यापारियों पर कार्यवाही करना तो दूर उनके द्वारा फेंके गये कचडे को भी नहीं उठाया जाता जिससे शहर के बीचों बीच कचड़ा घर के नजारे देखने मिल जाते है। उक्त तस्वीर मागंज स्कूल के पीछे घंटाघर से पलंदी चौराहा जाने वाले मार्ग ही है जहां मांगज स्कूल के गेट के समीप कचड़ा पड़ा हुआ है। इन्ही हालातों के चलते स्वच्छता सर्वेक्षण में देशभर में निचली रैंकिंग आई है लेकिन उसके बाद भी स्वच्छता अभियान महज कागजों में हो रही है।

## दो भाईयों की 65 किमी की दंडवत प्रणाम यात्रा



**बनवार।** जबेरा के पारना गांव से बांदकपुर तक 65 किमी की दंडवत प्रणाम यात्रा का आज दर्शन पूजन अभिषेक के साथ समापन होगा। सफल सिंह गौड़ और उनके छोटे भाई सचिन सिंह गौड़ ने अपनी अटूट श्रद्धा और भक्ति का प्रदर्शन करते हुए इस यात्रा को 10 अगस्त से शुरू किया था। यह यात्रा उन्हें बांदकपुर में स्थित देव श्री जागेश्वर नाथ महादेव के दर्शन करने के लिए शुरू की गई थी।

### जागेश्वर नाथ महादेव पर अटूट श्रद्धा भक्ति

दोनों भाई अपनी इस यात्रा में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ दंड भरते हुए आगे बढ़ रहे थे। उनकी यह यात्रा लगभग 9 दिनों तक चली और इस दौरान वे कई पड़ावों पर विश्राम करते हुए आज बांदकपुर पहुंचेंगे। सफल और सचिन सिंह गौड़ की इस यात्रा का उद्देश्य अपनी श्रद्धा और भक्ति को प्रदर्शित करना है। वे अपनी यात्रा के दौरान पूरी तरह से अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं और देव श्री जागेश्वर नाथ महादेव के दर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। उनकी इस यात्रा से क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का संदेश फैल रहा है और लोग उनकी इस निष्ठा और समर्पण की प्रशंसा कर रहे हैं। दोनों भाइयों की यह यात्रा निश्चित रूप से एक प्रेरणादायक उदाहरण है जो लोगों को अपनी श्रद्धा और भक्ति को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। आज 9वें दिन देव श्री जागेश्वर नाथ महादेव के दर्शन पूजन अभिषेक के साथ उनकी यात्रा का समापन होगा।

## प्लास्टिक हटाओ कपड़े के थैले अपनाओः लीनेस मैत्री क्लब की अनूठी पहल



**दमोह.** लीनेस मैत्री क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण मुक्त भारत के संकल्प के साथ एक सराहनीय पहल की गई। उमा जडिया और रितु यादव द्वारा कपड़े के थैले (बैग) तैयार करके यह सफल प्रोजेक्ट किया। इस अवसर पर नारा दिया गया "हम सबका एक ही नारा, प्लास्टिक को हटाना लक्ष्य हमारा" अध्यक्ष स्मृति खरे ने बताया कि यह प्रोजेक्ट प्रदूषण मुक्त भारत और प्रदूषण मुक्त दमोह की दिशा में उठाया गया कदम है। इसके अंतर्गत नागरिकों से अपील की गई कि बाजार जाते समय केवल कपड़े के थैले का ही उपयोग करें और प्लास्टिक से दूर रहें। शहर के छोटे-बड़े सभी व्यापारियों को कपड़े के थैले भेंट किए गए। सभी सदस्यों ने इस पहल की सराहना की। एरिया ऑफिसर रोज़ी बग्गा ने इस मौके पर कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में प्लास्टिक को हटाने का यह कदम बेहद सराहनीय है और समाज में जागरूकता लाने का सशक्त माध्यम ळें क्लब सचिव पूजा सचदेव ने बताया कि आगामी दिनों में भी स्वच्छता और पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। यह अभियान न केवल प्लास्टिक मुक्त दमोह बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ भारत की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है।

## अवैध शराब कारोबार करने वालों के घर से शराब निकालकर फेंक रही महिलायें



**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम किंद्रहो में विगत दिनों सैकड़ों महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर गांव में अवैध शराब को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें गांव में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की लेकिन ज्ञापन सौंपने के बाद पुलिस विभाग ने एक दो जगह कार्यवाही की। पर अवैध शराब का कारोबार ऐसे चल रहा है कि जगह जगह शराब बिक रही है। ऐसे में आबकारी विभाग की कार्यवाही भी संदेह के घेरे में है। सोचने वाली बात है कि ज्ञापन देने महिलाओं का जनसैलाब उमड़ा फिर भी निष्पक्ष कार्यवाही नही हो पाई ।अब अवैध शराब को लेकर ग्राम की महिलाओं ने स्वयं मोर्चा संभाल लिया और जहां जहां अवैध शराब बेची जा रही है वहीं जाकर शराब को निकालकर फेंक रही है।

## कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनायेंगे- मानक पटेल

**दमोह।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशानुसार दमोह जिले से पिछड़ा वर्ग के युवा मानक पटेल के कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर हर्ष व्याप्त है सर्वप्रथम उन्होनें कांग्रेसजनो के साथ ही देवजागेश्वर नाथ के दर्शन करने के पश्चात सांय 5:30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय से समस्त कांग्रेस पूर्व पदाधिकारियों कांग्रेस कार्यकर्ताओ महिला कांग्रेस जिला सेवादल प्रकोष्ठो विभागो के कार्यकर्ताओं के साथ अंबेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पहार किया। तत्पश्चात समस्त कांग्रेसजन पैदल मार्च करते हुए घंटाघर पहुंचकर आतिशबाजी करते हुए महत्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पहार किया। उक्त अवसर पर



नवनिर्वाचित अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह सब वरिष्ठो एवं कांग्रेसजनो क साथ बखूबी निभायेगे और जिले के दौरा कर संगठन को मजबूती प्रदान करेगें। पूर्व विधायक अजय टंडन पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा ने राहुल गांधी जी ने जो संगठन सृजन अभियान चलाया है उसे हम सब मिलकर मजबूती से गति प्रदान करेगें। संजय चौरसिया, परम यादव, प्रदीप पटेल, आशीष पटैल, रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अरविन्द तिवारी, शमीम कुरैशी, भूपेन्द्र आजवानी, बबलू भट्ट, तिलक सींग, अरूण मिश्रा, कमला निषाम, रोहण पाठक, मंजीत यादव, दिनेश रैकवार, अभिषेक डिम्हा, लाखन सिंह, मुख्तार जाफरी, मुकेश रोहिताश, अजय जाटव, डीपी पटैल, मदन सुमन, एके चिश्ती ने भी कहा कि पर्यवेक्षको का निर्णय सर्वोपरी है अब हम और उत्साह क साथ भाजपा की कथित नीतियो को जनता के बीच उजागर करेगें। इस अवसर पर नगर के पार्षद विक्रम सींग, राजा रौतेला, पप्पू कसोटया, अमर सींग, मिक्की चंदेल, रफीक खान, जीशान पठान, राजू बगीरा, गोपाल मास्टर, शैलेन्द्र सिंह, मानक अहिरवार, शेरू कछवाहा, गोलू चौरसिया, बृजेश पटेल, अरविंद अवस्थी, गुड्डा नामदेव सहित कांग्रेसजनो की उपस्थिति रहीं।

### चीनी जापानी भाषाओं में सुनाई गिनती, सुनकर शिक्षा मंत्री हुए अचंभित

## कलेक्ट्रेट में सनकुईया स्कूल के छात्रों ने प्रभारी मंत्री के भाई बहनों की बताई संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री श्री इंद्र सिंह परमार द्वारा कलेक्टर कार्यालय दमोह में समर्पण कोचिंग सेंटर के शुभारंभ के दौरान हटा विकासखंड के शासकीय नवीन माध्यमिक शाला सनकुईया से पहुंचे विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां देखकर काफी सराहना करते हुए बच्चों का अभिवादन किया। विद्यार्थियों ने मंत्री जी को उनकी जन्म तारीख, उनके मन की संख्या, उनकी उम्र एवं उनके भाई बहनों की संख्या गणित के जादू की सहायता से उनसे बिना पूछे बताई जिससे मंत्री जी बहुत अधिक खुश हुए ।बच्चों ने मंत्री जी को कई भाषाओं जैसे हिंदी, अंग्रेजी, चीनी, जापानी एवं वैज्ञानिक भाषाओं में गिनती सुनाई। बच्चों ने रामायण की चौपाइयां एवं छंद सुनाएं भऐ प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी के गायन पर संपूर्ण सदन मंत्र मुग्ध हो गया एवं बच्चों के साथ ताली बजाते हुए लय में लय मिलकर गायन करने लगे। बच्चों ने संस्कृत में कठिन श्लोक एवं उनके अर्थ सुनाए ,घर में उपयोग होने वाले रसायन उनके रासायनिक सूत्र उपयोग सुनाएं अंत में बच्चों द्वारा महिषासुर



मर्दिनी स्त्रोत का पाठ का गायन किया जिससे संपूर्ण सदन भक्ति में हो गया बच्चों के बे झिझक एवं लयबद्ध प्रस्तुतीकरण ने संपूर्ण सदन सहित मंत्री जी, कलेक्टर एवं उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गणों का मन मोह लिया। प्रभारी मंत्री जी ने बच्चों के साथ फोटो भी खिंचवाई, बच्चों ने मंत्री जी को अपने विद्यालय में आने के लिए आमंत्रित किया। उक्त कार्यक्रम में डी ई ओ श्री एसके नेमा डीपीसी मुकेश द्विवेदी एपीसी हरीश अहिरवार, बीआरसी एम एल अहिरवार, बीएससी सुनील पाठक सीएससी हारुन खान शिक्षक कमलेश ताम्रकार, आकाश राजपूत एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं विद्यार्थियों के मार्गदर्शक मनोज नामदेव की काफी सराहना की।

## पथरिया में मनाई गई रानी अवंति बाई जी की जयंती

**दमोह।** पथरिया में माँ वीरांगना अवंति बाई जी की जयंती के उपलक्ष्य में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। ये तिरंगा यात्रा बाइक रैली के माध्यम से किंद्रोह से शुरू हुई। एकत्रिकरण एक्सीलेंस ग्राऊंड में हुआ, जहाँ से पैदल यात्रा की शुरुआत हुई। ये पैदल पथरिया नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए जब अम्बेडकर साब जी की मूर्ति के पास जब यात्रा पहुंची तो वहाँ मौजूद मुख्य अतिथियों ने मूर्ति पर माल्यार्पण किया। यात्रा में सबसे आगे चल रहा केवलारी ग्राम से आया अखाड़ा एवं घोड़ा बग्गी पर बैठी बिटिये जो माँ अवंति का रूप धारण किये हुए थी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा में चल रहे दो दो डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीत और जय अवंति के नारे से सम्पूर्ण पथरिया देशभक्तिमय माहौल रहा। यात्रा जैसे ही एक्सीलेस स्कूल से निकली तो तेज बारिश पथरिया नगर में होने लगी थी लेकिन देशभक्ति से



ओत प्रोत युवा शक्ति तिरंगा हाथो में लिए आगे बढ़ती रही। जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह लोधी ने बताया कि पथरिया नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा इस मायने में ऐतिहासिक है क्योंकि इसमें सर्व धर्म सर्व समाज के लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा के संयोजक विक्की लोधी किंद्रोह ने मंचीय कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि अगले वर्ष इससे भी भव्य तिरंगा यात्रा निकालेंगे। मंचीय भाषण की शुरुआत बाल कवि अनुज कुशवाहा ने अपने ओज पूर्ण कविताओं से की। मुख्य अतिथियों के रूप में राव ब्रजेन्द्र सिंह, दृगपाल सिंह लोधी, विक्की लोधी किंद्रोह, गौरव पटेल जी, पूर्व नगरपरिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू कटारे जी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कपिल दुबे, आसाराम चौधरी जी, भूपेंद्र सोनी, अजय लोधी, कृपाल कुशवाहा,एड. नरेन्द्र प्रताप सिंह, भगवत लोधी, सौरभ राजपूत, सौरभ दीक्षित, अजय राजपूत, बलवान सरपंच सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पुराने वाहनों को स्क्रैप करने पर कर एवं शास्ति में 90 प्रतिशत की छूट

**दमोह।** मध्यप्रदेश सरकार ने वाहन स्वामियों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए पुराने वाहनों के स्क्रैपिंग पर कर एवं शास्ति में भारी छूट देने का निर्णय लिया है। इस सम्बंध में परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1991 (क्रमांक 25 सन 1991) की धारा 21 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन ने आदेश जारी किया है। राज्य में पंजीकृत किसी भी वर्ग एवं किसी भी आयु सीमा के मोटरयानों पर यदि मोटरयान कर और/या शास्ति की राशि बकाया है, तो उन्हें विशेष छूट का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा यदि वाहन स्वामी अपना वाहन प्रदेश में अधिकृत पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा (**RVSF**) के माध्यम से स्क्रैप कराते हैं और 31 मार्च 2026 तक एकमुश्त भुगतान करते हैं, तो बकाया कर एवं शास्ति की राशि पर 90 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा यह निर्णय राज्य में पुराने एवं अनुपयोगी वाहनों के निस्तारण को बढ़ावा देने के साथ ही प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए आशा कार्यकर्ता को किया गया सम्मानित

**हटा।** सिविल अस्पताल हटा में स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम के दौरान नगर के नवोदय वार्ड में नियुक्त आशा कार्यकर्ता राबिया बानो को सीबीएमओ डॉक्टर उमाशंकर पटेल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया विभाग के बीसीएम देवेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि लगातार दो वर्षों से घर-घर जाकर शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए यह प्रशस्ति पत्र दिया जा रहा है इसी प्रकार से द्रोपती अहिरवार रूबी पटेल सुधा सिंह को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court,Damoh**
**Presiding Officer: सुश्री स्नेहा सिंह**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000011/2025)
देवी पटेल.................................आवेदक Vs
शाखा प्रबंधक......................... अनावेदक
TID/2762/2025
Process Id-190/2025
पेशी दिनांक :- 26/09/2025
प्रेषिती-
(1) आम जनता, पता- दमोह
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवी पटेल ने मृतक नरेन्द्र पटेल व पुत्र वधु आरती पटेल निवासी वार्ड १५ कारसदेव मंदिर के पास पथरिया दमोह की 120000 अंकन एक लाख बीस हजार रुपए राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 26 September 2025 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 26 September 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 13 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।
कृपया ध्यान दें :- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
स्नेहा सिंह
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
मुद्रा दमोह. जिला दमोह (म.प्र.)

## कालूराम मेहरा पंचतत्व में विलीन

**दमोह ।** जिला जनसंपर्क कार्यालय में कार्यरत श्री कंछेदी लाल मेहरा के बड़े भाई श्री कालूराम मेहरा का 16 अगस्त 25 की शाम लगभग 5:30 बजे निधन हो गया वे 70 वर्ष के थे उनका अंतिम संस्कार 17 अगस्त को अभाना के मुक्तिधाम में हुआ। श्री मेहरा परिवार में दो बच्चे एक बच्ची एवं नाती, नातिन सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। श्री मेहरा की अंतिम यात्रा में उनके परिजन आभाना निवासी सरपंच गोविंद सिंह एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारी वाई. ए. कुरेशी, शारदा प्रसाद कोरी, राहुल पटेल, ऋषभ जैन, शोभाराम पटेल, चंद्रभान कटारिया सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और शोक संवेदनाएं व्यक्ति की।

## पिता की स्मृति में अव्वल छात्रों को लैपटॉप प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर के पीएमश्री विद्यालय में मुख्य समारोह कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया इसी श्रृंखला में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी रहे स्वर्गीय श्री इमरत लाल राय बाबू जी की स्मृति में उनके पुत्र राजीव राय, सुनील राय, संजय राय, अनिल राय द्वारा मुख्य अतिथियों व अधिकारियों की उपस्थिति में कक्षा दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा 2025 में ब्लॉक में अब्बल छात्र-छात्राओं को लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया जिसमें



12 वी कक्षा की छात्रा खुशी दुबे निवासी चंडी जी वार्ड एवं 10 वी कक्षा की छात्रा तरन्नुम रंगरेज पिता अंशू मनहार निवासी रमा कवि वार्ड को टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया है। इस दौरान अनिल राय ने कहा कि हमारे पूज्य पिता श्री द्वारा हमेशा ही समाज सेवा के कार्यो में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया जाता रहा जिसका निर्वाहन हम लोग हमेशा करते रहेंगे बच्चों को लैपटॉप दिए जाने से उनके शैक्षणिक कार्य में उन्हें काफी मदद मिलेगी अनिल राय ने कहा कि जिस गरीब परिवार के बच्चे जो आर्थिक कमी के कारण आगे की शिक्षा नहीं ले पा रहे हम उनकी मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में गरीब बच्चों की मदद सबसे बड़ा पुण्य समाजसेवा का कार्य है। राय परिवार द्वारा बच्चों को लैपटॉप प्रदान किए जाने पर समाज सेवा के इस उत्कृष्ट कार्य की नगर के लोगों ने काफी सराहना की।

**सड़क हादसाः पन्ना।** विकासखण्ड शाहनगर के अंतर्गत ग्राम खमतरा निवासी घनश्याम चौधरी उम्र 27 वर्ष और विष्णु चौधरी उम्र 40 वर्ष तेंदूघाट से ग्राम खमतरा की ओर जा रहे थे तभी अचानक रोड पर मवेशी के आने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए उसी रोड से टिकारिया निवासी प्रदीप चौधरी गुजर रहा था उसने मानवता की मिशाल पेश करते हुए घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहनगर में भर्ती करवाया।

